कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 17-06-2024

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा मा0 प्रधानमंत्री भारत सरकार के आगमन/भ्रमण/अवस्थान कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस बल की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

- **सीपी द्वारा पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को किया गया ब्रीफ**
- **कार्यक्रम स्थल व आस-पास के क्षेत्रों व वीआईपी मार्ग की ड्रोन सर्विलांस से की जा रही निगरानी**
- **वीवीआईपी की सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से हो अनुपालन**

आज दिनांक 17.06.2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल एवं जिलाधिकारी वाराणसी श्री एस. राजलिंगम द्वारा मा0 प्रधानमंत्री भारत सरकार के कमिश्नरेट वाराणसी में आगमन/भ्रमण/अवस्थान कार्यक्रम के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाईन स्थित सभागार में ड्यूटी में लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग की गई । इस दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध डॉ0 के0 एजिलरसन, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री एस. चन्नप्पा सहित समस्त राजपत्रित अधिकारी, गैर जनपद से आये हुए पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

ब्रीफिंग के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा मा0 प्रधानमंत्री भारत सरकार की सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं के दृष्टिगत पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये-

- **सीपी के स्पष्ट आदेश- ड्यूटी कार्ड एवं आईकार्ड रखें पुलिसकर्मी अपने साथ**
- **चेकिंग के उपरान्त ही कार्यक्रम स्थल पर दिया जायेगा प्रवेश**
- **यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था, होगा रूट डायवर्जन**
- **अधिकारीगण अपने साथ रखें पर्याप्त रस्से, भीड़ नियंत्रण में हो प्रयोग**
- **डिहाईड्रेशन से बचाव हेतु नियमित अन्तराल पर पानी पीते रहे पुलिसकर्मी**

1. पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थलों/मार्गों पर चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।
2. निर्देशित किया कि वीवीआईपी के मूवमेंट के दौरान आमजनता को कोई दिक्कत न हो। किसी तरह का कोई यातायात बाधित न हो।
3. अधिकारीगण अपने साथ पर्याप्त संख्या में रस्से रखें, भीड़ नियंत्रण के लिए रस्सों का प्रयोग करेंगें।
4. महानुभाव के कार्यक्रम स्थल एवं भ्रमण मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
5. ड्यूटी पर नियुक्त पुलिसकर्मी मोबाइल फोन का तभी प्रयोग करें जब अति आवश्यक हो। मोबाइल चैटिंग व अन्य गतिविधि नहीं करेंगे।
6. संवेदनशील स्थानों पर रूफटॉप ड्यूटी लगायी जाए।
7. ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मचारीगण की उपस्थिति चेक कर मौके पर ही प्रभारी अधिकारी द्वारा ब्रीफ किया जाए।
8. सभी अधिकारी/कर्मचारीगण निर्धारित समय से ड्यूटी पर पहुँचे एवं अपने पास ड्यूटी कार्ड एवं आई कार्ड जरूर रखें।
9. कार्यक्रम स्थल के प्रवेश मार्गों पर नियुक्त प्रभारी अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को चेकिंग के उपरान्त ही अन्दर आने की अनुमति दी जाये।
10. कार्यक्रम समाप्ति के उपरान्त उपस्थित जनसमूह को पुलिसकर्मियों द्वारा संयमित होकर कार्यक्रम स्थल से निकास कराया जाए।
11. मार्ग व्यवस्था में नियुक्त थाना प्रभारी/अधिकारीगण अपने-अपने वाहनों में लाउड हेलर व पी.ए. सिस्टम की व्यवस्था रखेंगें।
12. वीवीआईपी के कार्यक्रम/मार्ग पर ड्रोन सहित उड़ाने वाली समस्त वस्तुओं का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा।
13. अत्यधिक गर्मी के मौसम के दृष्टिगत पुलिस कर्मी अपने को डिहाईड्रेशन से बचने हेतु नियमित रूप से पानी पीते रहे, स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या महसूस होने पर तत्काल अपने ड्यूटी प्रभारी को अवगत करायें।
14. ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी अच्छे टर्नआउट में सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करें एवं आमजनमानस के साथ विनम्र एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।